# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)

# Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


प.सं. 4-8/2025/मसारावेविप्र/ दिनांक- 02-01-2026

अधिसूचना- 1870

**<u>विषय: शैक्षणिक सत्र 2025-26 की अनुदान रहित कौशल विकास एवं उद्यमिता पाठ्यक्रमों की परीक्षा के संबंध में।</u>**

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमिता पाठ्यक्रमों (एनएसक्यूएफ स्तर 2.5) की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिष्ठान से सम्बद्ध प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षणार्थी एनसीवीईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 11 कौशल विकास एवं उद्यमिता पाठ्यक्रमों में से किन्ही दो पाठ्यक्रमों की परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं। जिन वेद पाठशालाओं एवं गुरुशिष्य परंपरा इकाई के विद्यार्थियों ने इस सत्र की उक्त परीक्षा हेतु आवेदन कर दिया है वे पुनः आवेदन न करें।

2. 11 कौशल विकास पाठ्यक्रम इस प्रकार है:- पुरोहित- कनिष्ठ सहायक, वास्तुशास्त्र- कनिष्ठ सहायक, ज्योतिषशास्त्र- कनिष्ठ सहायक, वैदिक गणित- कनिष्ठ सहायक, वैदिक संस्कार- कनिष्ठ सहायक, मन्दिर प्रबन्धन- कनिष्ठ सहायक, वेदशास्त्र प्रवचन- कनिष्ठ सहायक, स्मार्त यज्ञ-कनिष्ठ सहायक, श्रौत यज्ञ- कनिष्ठ सहायक, योग प्रशिक्षण- कनिष्ठ सहायक, आयुर्वेद एवं वनोषधि-कनिष्ठ सहायक।

3. उल्लिखित परीक्षा हेतु प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म उपलब्ध है। ऑनलाइन माध्यम के अलावा अन्य किसी माध्यम से परीक्षा का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन दिनांक 02-01-2026 से 09-01-2026 तक प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर लिंक https://msrvvp.ac.in/skill_exam_form_2025_26/ के माध्यम से जमा किया जा सकता है। प्रत्येक परीक्षार्थी अपनी इच्छानुसार ग्यारह विषयों में से कोई दो विषयों का चयन कर परीक्षा दे सकता है।

4. परीक्षा शुल्क (अप्रतिदेय) प्रति परीक्षार्थी 500/- रुपए जमा करने की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन रहेगी। इसके लिए प्रतिष्ठान द्वारा निर्धारित पेमेंट गेटवे का उपयोग अनिवार्य होगा। प्रतिष्ठान से सम्बद्ध सभी प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया जाता है कि वे निर्धारित तिथि के अन्दर पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही परीक्षा शुल्क जमा करें। किसी भी प्रकार का शुल्क नकद, ड्राफ्ट अथवा अन्य माध्यमों से स्वीकार नहीं किया जाएगा। शुल्क जमा होने के उपरांत भुगतान रसीद (Payment Receipt) को सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा, जिसे आवश्यकता पड़ने पर प्रस्तुत करना होगा।

5. कौशल विकास एवं उद्यमिता पाठ्यक्रम की परीक्षा पद्धति निम्नवत है:

| परीक्षा पद्धति | लिखित (प्रति विषय 1 घंटा) | प्रायोगिक | परियोजना कार्य | मौखिक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| अधिकतम अंक (प्रति विषय) | 30 | 40 | 20 | 10 | 100 |

6. कौशल विकास एवं उद्यमिता पाठ्यक्रमों (एनएसक्यूएफ स्तर 2.5) की प्रथम विषय एवं द्वितीय विषय की लिखित परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 27 फरवरी 2026 को क्रमशः दोपहर 01:00 बजे एवं 02:00 बजे निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर किया जा रहा है। मौखिक एवं प्रायोगिक परीक्षा हेतु अधिसूचना पृथक से जारी की जाएगी। परियोजना कार्य हेतु श्री गोविन्द शर्मा से 7989160044 पर सम्पर्क करें।

7. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

02/01/26

(आकाश कुमार देवेश मिश्रा)
(सहायक निदेशक (परीक्षा)

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
परीक्षा
Exam
(An Autonomous Organisation of Ministry of Education)
(शिक्षा मंत्रालय का स्वायत्तशासी संस्थान)

प्रतिलिपि:- 1. सहायक निदेशक (शै.), लेखाधिकारी एवं सहायक निदेशक (शोध एवं प्रकाशन)।
2. प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ।
3. समस्त संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों/वेद पाठशालाओं/गु.शि.प.इकाइयों को सूचनार्थ ।